बुलाते समय मौजूद पात्रता शर्तों के आधार पर यह चयन किया गया ।

(घ) जी नहीं ।

(ङ) अगस्त, 1982 में पश्चिम रेलवे द्वारा दूर संचार निरीक्षक ग्रेड I के पद के लिए किया गया चयन रेलवे द्वारा रद्द कर दिया गया क्योंकि उन्होंने इसे फिर से करने का निर्णय लिया था लेकिन उस मामले की परिस्थितियां बिल्कुल ऐसी नहीं थी जैसी कि उत्तर रेलवे में चयन के मामले में थी ।

(च) उपर्युक्त (ङ) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

नरकटियागंज जंक्शन (पूर्व रेलवे) पर उपरिपुल

6579. **श्री पीताम्बर सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्व रेलवे के नरकटियागंज जंक्शन से तीन रेल लाइन मुजफ्फरपुर, दरभंगा और ढोरी के लिए जाती है और जंक्शन से पूर्व की ओर एक सड़क उत्तर से दक्षिण, तीनों लाइनों को पार करती है, जिससे रेल यात्रियों के साथ-साथ अन्य यात्रियों को भी उपरोक्त गुमटी पार करने के लिए प्रति दिन घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस समस्या को हल करने के लिए इस क्रासिंग पर उपरिपुल बनाने का है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) नरकटियागंज जंक्शन पूर्वोत्तर रेलवे पर है और इसके पूर्वी छोर पर समपार संख्या 22 (स्पेशल) से 3 रेल पथ गुजरते हैं जो दरभंगा, मुजफ्फरपुर बरास्ता संगोली और भिखना थोरी को जाते हैं । इस समपार पर बहुत देर तक यातायात रुके रहने के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है ।

(ख) मौजूदा समपार के बदले उपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण के प्रस्ताव राज्य सरकार/सड़क प्राधिकरण द्वारा प्रायोजित किए जाने अपेक्षित हैं जिसके साथ उन्हें अपने हिस्से की लागत वहन करने का वचन देना होता है । नरकटियागंज जंक्शन के नजदीक मौजूदा समपार के बदले ऊपरि सड़क पुल के निर्माण के लिए राज्य सरकार/सड़क प्राधिकरण की ओर से अभी तक कोई प्रस्ताव प्रायोजित नहीं किया गया है ।

Integrated Health and Family Welfare Programme in Kerala and Karntaka

6580. SHRI G.Y. KRISHNAN : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that an integrated Health and Family Welfare Programme has been decided to be launched in Kerala and Karnataka with some credit from the Integrated Development Associations; and

(b) if so, the details in this regard ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI MOHSINA KIDWAI) : (a) and (b) An Area Development Project with aid from the World Bank has been taken up for the expansion of Health and Family Welfare infrastructure and services in selected districts of Karnataka and Kerala. The Districts selected are Belgaum, Bidar, Bijapur, Dharwar, Gulbarga and Raichur in Karnataka and Wynad, Palghat, Malapuram and Idukki in Kerala. The total project cost is about Rs. 120.43 crores (US $ 123.5 million).